कार्रवाई:नकली वॉशिंग पाउडर बेचने वाले 2 गिरफ्तार, एक फरार

अमराेली में नकली वाॅशिंग पाउडर बेचने वाले तीन में से दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक जागरूक नागरिक ने 100 नंबर डायल करके पुलिस को बताया कि मोटा वराछा में हरिकृष्ण काॅम्प्लेक्स के नीचे पान की दुकान के पास कुछ संदिग्ध वस्तु लावारिस हालत में पड़ी है। अमरोली पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई।

पुलिस ने वहां रखे बॉक्स को खोलकर देखा तो अंदर 72800 रुपए कीमत के स्टैंडर्ड कंपनी के 70 बॉक्स कपड़े धोने के नकली पाउडर थे। अमरोली पुलिस ने वाॅशिंग पाउडर जब्त कर एनसी दर्ज कर ली है। पैकेट पर कंपनी के बारे में पूरा प्रिंट था।

पुलिस ने कंपनी में फोन करके संचालक को बुलाया। जांच करने पर वॉशिंग पाउडर नकली पाया गया। अमरोली पुलिस ने कंपनी के सीनियर इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर नितिन पटेल की शिकायत पर कंपनी के नाम से नकली वॉशिंग पाउडर बनाकर बेचने वाले तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया।

अमरोली पुलिस ने मितुल मनसुख भीयरा और संकेत तलाविया को इस मामले में गिरफ्तार किया है। वहीं, तीसरा आरोपी साहिल रामाणी फरार है। पुलिस ने बताया कि आरोपी मोटा वराछा में साईं मिलन रेजिडेंसी में मशीन लगाकर नकली वॉशिंग पाउडर बनाकर सस्ते में बेच रहे थे।

Source: https://www.bhaskar.com/local/gujarat/surat/news/2-arrested-for-selling-fake-washing-powder-one-absconding-130066999.html